D 32296 **(Pages : 2)** **Name.......................................**

Reg. No...................................

FIRST SEMESTER (CBCSS–UG) DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2022

Hindi

HIN 1A 07 (02)—PROSE FORMS IN HINDI LITERATURE

(2019–2022 Admissions)

Time : Two Hours and a Half Maximum : 80 Marks

Part A

I. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 2 है । आपको अधिकतम् 25 अंक मिल सकते हैं ।

1 ‘गंगा मैया’ गद्य की किस विधा की रचना है ? गंगा किस महापुरूष की माँ है ?

2 किस उद्देश्य से मनोहर श्याम जोशी हृषिकेश मुखर्जी से मिलने बंबई गए ?

3 ‘गंगा मैया’ का रचनाकार कौन है ? प्रयाग के पास गंगा नदी किस नदी से मिलती है ?

4 ‘आते ही धम्म से उन्होंने सारा सामान सामने की सीट पर पटक दिया था ।’ यह प्रसंग किस रचना का है ? इसका लेखक कौन है ?

5 ‘प्रसाधन सामग्री के विज्ञापनों के देहवाद ने स्त्री देह को आकर्षक बनाकर चौराहे पर टांग दिया है ।’ यह प्रसंग किस रचना का है ? इसका लेखक कौन है ?

6 संस्मरण से क्या मतलब है ?

7 मनीषा कुलश्रेष्ठ के किन्हीं दो कहानी संग्रहों के नाम लिखिए ।

8 ‘कोठी के गेट पर ‘कुत्तों से सावधान’ की तख्ती बदस्तूर लटकी हुई थी और अंदर लान पर छोटी विलायती नस्लों के कई सफेद कुत्ते गहन समाधि लेकर प्रचंड आक्रमण तक की विभिन्न मुद्राओं में उपस्थित थे ।’ यह प्रसंग किस रचना का है ? यहाँ किसकी कोठी का वर्णन लेखक करता है ?

9 राधे और शंकर किस रचना के पात्र हैं ? इस रचना का लेखक कौन है ?

10 ‘उपभोक्तावादी युग ने उस सामन्तीय अहंकार की मूँछें मरोडकर रख दी हैं । सामान्य परिवार की लडकियों के चेहरे रूपसज्जा में नूरजहाँ के चेहरे का मुकाबला करते हैं । ’—यह प्रसंग किस रचना का है ? इसका लेखक कौन है ?

11 ‘पहली भेंट के बाद पाया था, वह कुछ प्रगल्भ हो गयी है - मुझे देखते ही दौडकर निकट आ जाती, प्रश्न पर प्रश्न पूछती ।’ इस प्रसंग का वक्ता कौन है और वह यह कथन किस व्यक्ति के बारे में कह रहा है ?

Turn over

12 'माइती बाज़ार' किस राज्य में स्थित है और इसकी मुख्य विशेषता क्या है ?

13 मेघालय तीन पर्वतीय अंचलों से बंटा हुआ है । ये तीन पर्वतीत अंचल कौन-कौन से है ?

14 'आइंदा खयाल रहे बिट्टो, रतनी को कुछ भी देने के लिए कहूँ तो ऊपर से कोंछ में फेंक देना ।'-यह प्रसंग किस रचना का है ? इसका रचनाकार कौन है ?

15 'मैं माँ-बाप का इकलौता था । माँ चल बसी थी, इसलिए उनकी इस एकमात्र धरोहर को मौसी आँखों में जुगोकर रखतीं ।' -इस प्रसंग का वक्ता कौन है ? यह प्रसंग किस रचना से उद्धृत है ?

(25 marks)

Part B

II. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 5 है । आपको अधिकतम् 35 अंक मिल सकते हैं ।

16 'सबसे बडा आदमी ' का व्यंग्य स्पष्ट कीजिए ।

17 'बिगडैल बच्चे' कहानी के आधार पर नवयुवकों के प्रति बुजुर्गों की मानसिकता का परिचय दीजिए ।

18 रजिया के साथ लेखक की पहली भेंट पर प्रकाश डालिए ।

19 नदी को क्यों माता का स्थान दिया जाता है ?

20 हृषिकेश मुखर्जी के साथ मनोहर श्याम जोशी की बंबई में हुई मुलाकात का परिचय दीजिए ।

21 'डोमिन काकी' की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए ।

22 पठित भाग के आधार पर मेघालय की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

23 'स्त्री जो एक त्वचा है' में प्रस्तुत विचार स्पष्ट कीजिए ।

(35 marks)

Part C

III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 10 है ।

24 'गंगा मैया' निबंध का सारांश लिखिए।

25 'बिगडैल बच्चे' कहानी की समीक्षा कीजिए ।

26 रजिया की स्वभावगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

27 'स्त्री जो एक त्वचा है' में लेखक ने विज्ञापन जगत एवं जनता की मानसिकता का कैसा परिचय दिया है ?

(2 × 10 = 20 marks)